**दिनांक: 02.10.2025** **समय : 07.10PM**

## प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेतावनी दी है कि सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का करारा जवाब दिया जाएगा।
- प्रदेश में कल से भावांतर योजना के तहत सोयाबीन उत्पादक किसानों का पंजीयन होगा शुरू।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए देशवासियों ने उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली।
- प्रदेश में भी हर्षो उल्लास से मनाया जा रहा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा।

**राजनाथ कच्छ** **02.10.2025/07.10PM**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चेतावनी दी कि सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का ऐसा निर्णायक जवाब दिया जाएगा जिससे इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएँगे। श्री सिंह ने विजयादशमी के अवसर पर कच्छ स्थित

लक्कीनाला सैन्य छावनी में आयोजित सेनाओं के क्षमता अभ्यास में भाग लिया। रक्षा मंत्री ने शस्त्र पूजन समारोह में भी भाग लिया।

**अमित शाह - खादी** **02.10.2025/07.10PM**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छूट का शुभारंभ किया। खादी महोत्सव 2025 के दौरान आज से 5 नवंबर तक ग्राहकों को खादी वस्त्रों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस अवसर पर श्री शाह ने देशवासियों से खादी के उपयोग को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के अभियान को प्रोत्साहित करने की अपील की।

**भावांतर योजना** **02.10.2025/07.10PM**

प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को लाभांवित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा फिर से भावांतर योजना शुरू की जा रही है। भावांतर योजना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 3 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। योजना 24 अक्टूबर से प्रभावशील होगी। आधिकारिक व्यप्ति के अनुसार पंजीकृत कृषक और उनके रकबे के सत्यापन की प्रक्रिया

राजस्व विभाग के माध्यम से होगी। किसानों के भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

**जीएसटी-कृषि मशीनरी** **02.10.2025/07.10PM**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जीएसटी भारत उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। अगली पी▯ी के जीएसटी सुधारों से भारत की अप्रत्यक्ष कर-प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में नया अध्याय शुरू हुआ है। इन सुधारों ने विभिन्न वस्तुओ और सेवाओं में कर की दर में कटौती से लोगों को काफी राहत प्रदान की है। कृषि मशीनरी और उर्वरकों पर जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर प्रस्तुत है विशेष रिपोर्ट

**गांधी जयंती** **02.10.2025/07.10PM**

समग्र देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर विदेश में भारतीय दूतावासों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजघाट पर बापू को और विजयघाट पर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजधानी दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। आज पूर्व

प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी 121वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपिता को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा है कि यह दिवस महात्मा गांधी के आदर्शों और मूल्यों के प्रति समर्पण का अवसर है। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूज्य बापू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वराज, स्वावलंबन और स्वच्छता के विचार वर्तमान में भी प्रेरणा-पुंज हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री का भी स्मरण किया। प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने की शपथ ली।

**सेवा पर्व-नक्सल** **02.10.2025/07.10PM**

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन और प्रगति लाने के अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएगें कि कैसे मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत का मार्ग प्रशस्त किया है।

**विजयजदशमी** **02.10.2025/07.10PM**

विजय दशमी का पर्व आज आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्र अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजय दशमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकानाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महापर्व विजयादशमी की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व हमें 'यतो धर्मस्ततो जयः' का स्मरण कराकर सदैव धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की अथाह प्रेरणा देता है।

दशहरे के मौके पर आज आगरमालवा जिले के ग्राम तनोड़िया में मिट्‌टी के मटको से बने रावण, कुभंकरण एवं मेघनाथ के पुतलों को पत्थरो से मारने की करीब 550 वर्षों पुरानी परम्परा का निर्वहन किया गया। शिवपुरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्‌वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस पथ संचलन में संघ के स्वयंसेवक शामिल हुए। भोपाल में विजयादशमी के अवसर पर नेहरु नगर पुलिस लाइन में परंपरागत तरीके से विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनूपपुर पुलिस लाइन में आज विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया।

**संक्षिप्त समाचार** **02.10.2025/07.10PM**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयादशमी के अवसर पर नागरिकों की सुरक्षा और यातायात सुगमता के लिए इंदौर पुलिस द्वारा तैयार किये गए एआई बेस्ड चेटबॉट सेफ क्लिक को लांच किया।
- विजयदशमी के पावन पर्व पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार छतरपुर पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा में शामिल हुए।
- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर पुलिस लाइन में परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन किया।
- 4-अशोकनगर में कलेक्टर और एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने शस्त्र पूजन किया।